**Regarding condition of BSNL**

श्री अरविंद गणपत सावंत **(मुम्बई दक्षिण) :** महोदया, धन्यवाद । मेरा विषय बीएसएनएल से संबंधित है । आज प्रश्नकाल में प्रश्न संख्या 149 में बीएसएनएल की हालत के बारे में पूछा गया था, 4 जी टावर के बारे में पूछा गया था । उन्होंने लिखित में जवाब दिया है । पूरे मुम्बई और खासकर महाराष्ट्र के लिए सवाल पूछा गया था । वहाँ एक भी जिले में बीएसएनएल और एमटीएनएल के टावर्स नहीं हैं । कुछ जिलों में बीएसएनएल के टावर्स हैं, बाकी कहीं पर भी टावर नहीं हैं ।

मैडम, आज यह बताने की जरूरत इसलिए है, क्योंकि सरकार ने बार-बार कहा कि एमटीएनएल, बीएसएनएल के विकास के लिए हम काम कर रहे हैं । ये बार-बार बताते रहे कि हम इतना-इतना काम कर रहे हैं । पिछले सालों में जो बजट एलोकेशन हुआ है, जो कैबिनेट एलोकेशन हुआ है, वह वर्ष 2019 में 3,29,364 करोड़ रुपये था । बाद में 1,62,147 करोड़ आ गया । An amount of Rs.72,028 crore was provided for the current year 2024-25. इतना प्रावधान होने के बावजूद ये जवाब देते हैं कि सब जगह 99 परसेंट में 4 जी सर्विस शुरू हुई है ।

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, धन्यवाद ।

श्री अरविंद गणपत सावंत **:** मैडम, मैं अपनी बात पूरी कर रहा हूँ । अभी तो मेरी माँग ही पूरी नहीं हुई है ।

माननीय सभापति**:** आप अपनी माँग कीजिए ।

श्री अरविंद गणपत सावंत **:** 5 मिनट तक अनुराग ठाकुर जी बोलते रहे ।

माननीय सभापति**:** आप सब लोग सहयोग करेंगे तभी सारे माननीय सदस्य बोल पाएंगे ।

श्री अरविंद गणपत सावंत **:** मैडम, मुझे एक मिनट का समय दीजिए । इतना प्रावधान करने के बाद भी आज टावर्स नहीं हैं । आज भी एमटीएनएल, बीएसएनएल की सर्विस नहीं है । अब मैं सीएजी की रिपोर्ट बताता हूँ । उसमें से चार वाक्य मुझे पढ़ने दीजिएगा ।

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य, अब आप समाप्त कीजिए ।

श्री अरविंद गणपत सावंत **:** महोदय, मैं इसे पढ़ देता हूँ ।

Madam, please allow me to refer to the C&AG Report. This should come on record. The C&AG in its Report no.1 of 2025 has given certain observations. It says that non-adherence to the contractual terms and conditions, lack of due diligence, non-billing, and deficient planning on the part of BSNL and ITI, PSUs under DoT, have resulted in a loss of Rs.1,944.92 crore. Non-billing to M/s. Reliance Jio Infocomm Ltd

(RJIL) is a very serious observation of the C&AG. That is why I demand that the Government should take a serious note of it.....*(Interruptions)*

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य श्री बैन्नी बेहनन जी ।

श्री अरविंद गणपत सावंत **:** मैडम, आप ऐसा क्यों कर रही हैं? बीएसएनएल, एमटीएनएल बर्बाद हो रहा है । आप तो हमें बीएसएनएल की सर्विस देते हैं । क्या वह मुम्बई, दिल्ली में चलता है?? (व्यवधान) What is the fate of employees who are working in BSNL. The shares have increased by three per cent now. In view of this, I would request the Government to conduct an urgent inquiry into the matter. Thank you, Madam.

माननीय सभापति**:** माननीय सदस्य श्री जगदम्बिका पाल जी ।